बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आज दिनांक–11.05.2024 को माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 (प्रथम) का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया।

2. इस संबंध में श्री आनन्द किशोर, अध्यक्ष, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बताया कि माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 (प्रथम) के पेपर–1 के विभिन्न विषयों की परीक्षा दिनांक 18.05.2024 से 29.05.2024 तक तथा पेपर–2 के विभिन्न विषयों की परीक्षा दिनांक 11.06.2024 से 20.06.2024 तक दो पालियों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर Computer Based Test (CBT) के माध्यम से आयोजित की जायेगी।

3. विदित हो कि समिति द्वारा आयोजित इस परीक्षा के पेपर–1 के विभिन्न विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 3,59,489 अभ्यर्थियों तथा पेपर–2 के विभिन्न विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 2,37,442 अभ्यर्थिंयों ने ऑनलाईन आवेदन किया है। इस प्रकार, माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 (प्रथम) के पेपर–1 एवं पेपर–2 के विषयों में सम्मिलित होने के लिए कुल 5,96,931 अभ्यर्थियों ने ऑनलाईन आवेदन किया है।

4. इस परीक्षा के पेपर–1 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर अपलोड कर दिया गया है। संबंधित अभ्यर्थी अपने यूजर आई0डी0 के रूप में Application No. एवं पासवर्ड के रूप में अपना जन्मतिथि (dd-mm-yyyy) का उपयोग कर समिति के उक्त वेबसाईट से अपना मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

5. इस परीक्षा के पेपर–2 का प्रवेश पत्र माह–जून के प्रथम सप्ताह में समिति के उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा।

6. इस परीक्षा का आयोजन प्रतिदिन दो पालियों में किया जायेगा। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03:00 बजे से अपराह्न 05:30 बजे तक निर्धारित की गई है। दिव्यांग अभ्यर्थियों को प्रति घंटा 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

7. परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के लिए प्रथम पाली की परीक्षा शुरू होने से 1 घंटा 30 मिनट पूर्व अर्थात् पूर्वाह्न 08:30 बजे Reporting Time निर्धारित की गई है। वहीं गेट बंद होने का समय पूर्वाह्न 09:30 बजे निर्धारित की गई है। विलम्ब से आने वाले अभ्यर्थी को उस बैठक की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

8. इसी प्रकार, द्वितीय पाली की परीक्षा शुरू होने से 1 घंटा 30 मिनट पूर्व अर्थात् अपराह्न 01:30 बजे Reporting Time निर्धारित की गई है। वहीं गेट बंद होने का समय अपराह्न 02:30 बजे निर्धारित की गई है। विलम्ब से आने वाले अभ्यर्थी को उस बैठक की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

9. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में अथवा प्रवेश पत्र से संबंधित अन्य किसी प्रकार की कठिनाई हो तो संबंधित अभ्यर्थी हेल्प लाईन नम्बर– 011-35450941 पर सम्पर्क कर सकते हैं।